दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नईदिल्ली ।। रविवार 07 अप्रैल -2024
● वर्ष:8 अंक:177 पेज-08
● RNI NO. DELHIN/2015/65364
● मूल्य : ₹3




# मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़

## गदगद नजर आए अतुल गर्ग

**करीब 56 मिनट का रहा प्रधानमंत्री का पूरा रोड शो**



सभी फोटोः वरूण लाहौरिया

## रोड शो की गाड़ी में मोदी, योगी और अतुल गर्ग के साथ ही जनरल वीके सिंह और भूपेंद्र चौधरी आए नजर

**गौरव शशि नारायण**

गाजियाबाद, करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में शनिवार को अपना लोकसभा चुनाव-2024 का पहला रोड शो करने के लिए सड़क पर उतरे, तो माहौल बेहद जोशीला और अलग था। रोड शो के स्टार्ट प्वाइंट पर पहुंचते ही यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों की पंखुड़ियां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया। तो पूरे रोड शो के दौरान मोदी योगी जय श्रीराम और मैं मोदी का परिवार हूं के नारे गूंज रहे थे। जिस भी मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला आगे बढ़ता था, वहां हजारों की संख्या में कैमरे और हवा में गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां नजर आनी शुरू हो जाती थीं। प्रधानमंत्री बेहद आत्मविश्वास और जोश में नजर आ रहे थे, उनके सिर पर भगवा रंग की टोपी थी, तो हाथों में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह नजर आ रहा था। उनके एक ओर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। तो बराबर में खड़े उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कमल का फूल वाला चिन्ह लेकर लोगों को याद दिला रहे थे कि 26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान है। इस विशेष गाड़ी में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ ही गाजियाबाद के 10 साल तक सांसद रहे और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सुरक्षाकर्मियों के सवार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो मालीवाड़ा चौक से शुरू हुआ और चौधरी मोड़ पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

## अतुल गर्ग के लिए बेहद स्मरणीय रहे यह पल

करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान अतुल गर्ग शुरू से लेकर कार्यक्रम समाप्त स्थल तक संग-संग नजर आए। गाड़ी का नजारा हो या उनके स्वागत वाला सीन, अतुल गर्ग सबसे निकट थे लेकिन अतुल गर्ग के लिए सबसे सौभाग्यशाली पल वह बना जब गाड़ी से उतरने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर अतुल गर्ग ने आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रधानमंत्री ने भी अपने चिरपरिचित अंदाज में उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। यह नजारा भले कुछ चंद कैमरों और वीडियो में कैद हुआ लेकिन अतुल गर्ग के लिए यह पल बेहद खास बन गए।

-----

## भीड़ का जोश बता रहा था रोड शो है हिट



करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो के दौरान बिल्कुल सेंटर में थे। उन्होंने ग्रे कलर का कुर्ता, सफेद पैजामा और क्रीम कलर की जैकेट पहनी हुई थी। जैकेट में भी कमल का फूल का चिन्ह लगा हुआ था और प्रधानमंत्री हाथ में भी वही चिन्ह थामे हुए थे। वही प्रत्याशी अतुल गर्ग ने सफेद कुर्ता पैजामा और भगवा जैकेट पहनी थी, तो गले में भी भारतीय जनता पार्टी का कमल का फूल वाला पटखा धारण किया हुआ था। प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान जहां पर भी उनका यह वाहन आगे को बढ़ता था, हजारों लोगों की आवाज प्रधानमंत्री की नजरों को अपनी ओर खींचने का काम कर रही थी। जनता का जोश बता रहा था कि वह अपने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी की एक झलक पाने के लिए कितनी बेताब है।

## भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने किया प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और क्षेत्र की जनता का आभार

### कहा मोदी जी ने जीता है देश की जनता का विश्वास, मैं उन्हीं का कार्यकर्ता बनकर करूंगा काम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)।शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजियाबाद से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो किया। इस रोड शो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके रथ पर सवार थे। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने सफल रोड शो के समापन के बाद सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए उमड़ी क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। शहर विधायक तथा भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया का पूरे देश का विश्वास जीता है। आज देश की जनता एक आशा और विश्वास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ देखती है। उनकी एक झलक पाने के लिए पूरे देश की जनता उमड़ पड़ती है। गाजियाबाद में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो निकला तो मुझे भी लोकसभा उम्मीदवार के रूप में उनके साथ रोड शो में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अद्भुत ऐतिहासिक रोड शो का मैं भी साक्षी बना और मैंने स्वयं देखा कि क्षेत्र की देश की जनता का विश्वास किस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजियाबाद आकर पूरी भाजपा का मान बढ़ाया है। इसके लिए मैं उनका कोटी कोटी आभार व्यक्त करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता हूं और इसके साथ मैं भाजपा के हर उस कार्यकर्ता के प्रति आभारी हूं जिन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ इस रोड शो में अपनी भागीदारी निभाई है। क्षेत्र की जनता का अभिवादन करता हूं, क्षेत्र की जनता का अभार व्यक्त करता हूं। मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकर्ता के रूप में भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में हमेशा देश की जनता की सेवा करूंगा, क्षेत्र की जनता की सेवा करूंगा। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने भाजपा संगठन की इस सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। इस सफल आयोजन का सारा श्रेय भाजपा कार्यकताओं को देता हूं।

## ट्वीट से दिया पीएम मोदी ने ईज ऑफ लिविंग को बढ़ाने का संदेश


Narendra Modi
@narendramodi

गाजियाबाद ने हमेशा @BJP4India का भरपूर समर्थन किया है। बदले में हमारी पार्टी ने भी यहां अभूतपूर्व विकास करके दिखाया है। इसमें पिछले 10 वर्षों में शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी से लेकर हाउसिंग तक के कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ाया है।

Translate post

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम समाप्त हुआ, तो कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर एकाउंट पर लिखा कि गाजियाबाद ने हमेशा बीजेपी फॉर इंडिया का भरपूर समर्थन किया है। बदले में हमारी पार्टी ने भी यहां अभूतपूर्व विकास करके दिखाया है। इसमें पिछले 10 वर्षों में शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी से लेकर हाउसिंग तक के कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की ईज ऑफ लिविंग को बढ़ाने का काम किया है। खास बात यह है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जो ट्वीट किया गया है, उसमें प्रधानमंत्री के साथ अतुल गर्ग और सीएम योगी, वीके सिंह वाली फोटो पोस्ट की गई है। साथ ही रोड शो में उमड़े जन सैलाब और शानदार नजारा भी इस ट्वीट में तस्वीरों के माध्यम से दशार्या गया है।

## ...जब प्रधानमंत्री मोदी ने दिया अतुल गर्ग को अतुलनीय आशीर्वाद

### अतुल गर्ग ने छुए पैर तो प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाया अलग अंदाज

गाजियाबाद, करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो में आए तो उनको हर कोई करीब से देखना चाहता था और हर किसी की चाहत थी कि किसी भी फोटो और वीडियो में एक झलक प्रधानमंत्री के साथ कैद हो जाए। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जब रोड शो समाप्त कर प्रधानमंत्री की गाड़ी से नीचे उतरे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से हाथ मिलाया। उनकी पीठ पर हाथ रखा, इसके बाद अतुल गर्ग मौजूद थे। अतुल गर्ग ने बड़ी ही शालीनता के साथ प्रधानमंत्री ने झुककर पैर छुए और आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने आशीर्वाद प्रदान किया और आगे बढ़ते हुए उनके कंधे पर हाथ फेरा और फिर पीठ थपथपाते हुए मुस्कुराते हुए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने जनरल वीके सिंह से भी नमस्कार की और अपनी गाड़ी में सवार हो गए।







## बच्चों से लेकर बुजुर्गों और युवाओं में दिखा मोदी-योगी का क्रेज

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को सफल बनाने में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता का भी भरपूर योगदान देखने को मिला। प्रधानमंत्री के रोड शो को देखने के लिए हर उम्र के लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ पहुंची थी। क्या महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे भी प्रधानमंत्री के क्रेज को लेकर उत्साहित नजर आए। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने के लिए मोदी-योगी के नारों को दिल खोलकर लगा रहे थे।



## छतों से लेकर दुकानों पर नजर आई जोशीली भीड़



करंट क्राइम ।भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो के लिए पहुंचे। रोड शो का नजारा जिसे भी देखा वह गदगद नजर आया। खुद प्रत्याशी अतुल गर्ग की मुस्कान और अंदाज बता रहा था की भीड़ किस प्रकार से उत्साहित है। प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग बहुमंजिला इमारतों और अपनी दुकान की छतों पर चढ़े हुए थे। तो वहीं अंबेडकर रोड जो की शोरूम का हब कहा जाता है, प्रत्येक शोरूम के बाहर सैकड़ो की संख्या में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुष्प वर्षा से स्वागत करने के लिए बेसब्री से इंतजार करते देखे गए। इस दौरान लोगों ने फूलों की पंखुड़ी और ऑटोमेटिक मशीने चला कर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया।

## अलग-अलग मंच पर दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

### कहीं भगवान राम और सीता आए नजर, तो कहीं दिखा पारंपरिक लोक नृत्य

करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को सफल और सुंदर बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने भरपूर मेहनत की थी और इसका नजारा शनिवार को नजर भी आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो जैसे ही मालीवाड़ा चौक से शुरू होकर कालका गाड़ी की तरफ बढ़ा तो जगह-जगह अलग-अलग राज्यों की कला संस्कृति और भारतीय सभ्यता नजर आ रही थी। इस दौरान कहीं भगवान श्रीराम तो सीता माता के साथ स्टेज पर स्वागत के लिए रखा गया। तो कहीं मथुरा का नृत्य करते हुए कलाकार नजर आए। कहीं ढोल और शंख की आवाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को अपनी ओर आकर्षित करने का काम कर रही थीं, तो महिलाओं और युवाओं के मोदी-योगी वाले नारे भी सभी को अपनी ओर खींच रहे थे।



## रोड शो के दौरान रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी संभालते रहे कमान

गाजियाबाद, करंट क्राइम ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को सफल बनाने के लिए बीते कई दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी दिन रात एक किए हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, कोई बड़ी घटना, दुर्घटना सामने नहीं आई है। साथ ही सुरक्षा में भी किसी प्रकार की चूक का मामला एसपीजी तक नहीं पहुंचा है। पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी प्रधानमंत्री के रोड शो से पूर्व और रोड शो के दौरान कदम से कदम मिलाकर चलते देखे गए। इसी के साथ पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी देहात विवेक यादव, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसीपी विवेक सिंह, इंटेलिजेंस के साथ ही एसीपी श्वेता यादव, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, एसीपी रजनीश उपाध्याय, एसीपी प्रियाश्री पाल, एसीपी पूनम मिश्रा, एसीपी रविंदर सिंह सहित कमिश्नरेट के सभी अधिकारी एक्टिव मोड में देखे गए।



### कार्यक्रम के दौरान कई बार अधिकारियों ने की जांच पड़ताल

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री के रोड शो शुरू होने से पूर्व कई बार पुलिस कमिश्नरेट के आलाधिकारियों ने जांच पड़ताल की। इस दौरान आईपीएस से लेकर पीपीएस और अंडर ट्रेनिंग बड़ी संख्या में अधिकारियों को लगाया गया था। वहीं सुरक्षा का ट्रिपल लेयर घेरा भी बनाया गया। बहुमंजिला इमारत से लेकर हर चौराहे, कट और चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई थी। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था संचालित करने के लिए भी शहर के प्रमुख चौराहों और रास्तों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती देखने को मिली।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक सफरनामा



**नरेंद्र** मोदी मौजूदा समय में देश के प्रधानमंत्री हैं। लेकिन, इसके इतर देश-विदेश में उनका नाम एक ब्रैंड के तौर पर स्थापित हुआ है। देश की राजनीति में यह पहली बार हुआ है, जब किसी प्रधानमंत्री का नाम एक ब्रैंड के तौर पर स्थापित हुआ है। हालांकि यह अलग बात है कि देश में कभी कभार इस ब्रैंड नेम के तिलिस्म और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को लेकर आलोचनात्मक बहसें चलती रहती हैं। लेकिन, कुल जमा, जो तस्वीर उभर कर आती है, उसमें एक साधारण गरीब परिवार के सदस्य नरेंद्र मोदी के एक ब्रैंड बनने के पीछे की कहानी संगठन और उनके संघर्ष से निकली हुए दिखाई देती है। जिसके मूल में दशकों तक एक कार्यकर्ता/पदाधिकारी के तौर पर पार्टी संगठन के लिए किया खांटी संघर्ष नजर आता है। नतीजतन इस संघर्ष से उपजे परिणाम ( प्रधानमंत्री के तौर पर राम मंदिर निर्माण, धारा 370 का खात्मा जैसे फैसले) मौजूदा समय में पार्टी के अन्य कार्यकताओं की आशाओं और उम्मीदों की पूर्ति करते हुए दिखाई देते हैं। आईये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सामाजिक/राजनीतिक जीवन में प्रवेश, बतौर कार्यकर्ता यात्रा, संगठन के लिए संघर्ष, पार्टी के अन्य कार्यकताओं की उम्मीदें, सत्ता में आने के बाद कार्यकताओं की उम्मीदों की पूर्ति के लिए प्रयास और नरेंद्र मोदी के नजरिये में कार्यकर्ता की परिभाषा क्या है। इसे सिलेसिलेवार क्रम में समझने की कोशिश करते हैं।

## 22 साल की उम्र में प्रचारक बन गए थे मोदी

नरेंद्र मोदी का जन्म 1950 को गुजरात के वड़नगर में हुआ था। वडनगर में ही 8 साल की उम्र में नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संपर्क में आ गए थे। लेकिन, 70 के दशक की शुरूआत में नरेंद्र मोदी,



जब अहमदाबाद आए तो वह नियमित तौर पर संघ के साथ जुड़ गए थे। मसलन 1972 में यानी 22 साल की उम्र में नरेंद्र मोदी संघ के प्रचारक बन गए थे। जिसके तहत उन्होंने संपूर्ण समय संघ को देना शुरू कर दिया। संघ के प्रचारक रहते हुए ही उन्होंने जहां समाज और संगठन के लिए काम किया तो वहीं इस दौरान उन्होंने इस दौरान अपने व्यक्तित्व को भी निखारा।

## नरेंद्र मोदी को आपातकाल ने और मजबूत किया

संघ में प्रचारक के तौर पर नरेंद्र मोदी को गुजरात भर में घूमना पड़ता था। यह वह दौर था, जब गुजरात में कांग्रेस की सरकार थी। वहीं आम जन के बीच संघ अपनी प्रासंगिकता बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। जिसमें देशभर में इस संघर्ष की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी जैसे अन्य प्रचारकों के कंधों पर थी। इसी संघर्ष के साथ नरेंद्र मोदी के एक प्रचारक के तौर पर साल दर साल आगे बढ़ रहे थे। इसी बची देश में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ गुस्सा भी बढ़ गया। तो वहीं गुजरात में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ छात्रों ने विरोध का बिगुल फूंक दिया और इस छात्र क्रांति ने देश में जेपी की अगुवाई में एक आंदोलन शुरू कर दिया। जिसके पीछे संघ था। नतीजतन राजनीतिक उठा पटक के बाद इंदिरा गांधी ने देश में आपतकाल लागू कर दिया। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। जिसमें संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी थे। इस दौरान प्रचारक रहते हुए नरेंद्र मोदी भी सक्रिय रहे। जिन्होंने भूमिगत रहकर आपतकाल के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद रखी।








## बीजेपी का गठन और नरेंद्र मोदी की भूमिका

6 अप्रैल 1980 को बीजेपी का गठन हुआ। जिसमें बीजेपी ने धारा 370 की समाप्ती, राम मंदिर और समान नागरिक संहिता के मुद्दे को अपना एजेंडा बनाया। इसी एजेंडे के साथ मैदान में उतरी बीजेपी को 1984 के लोकसभा चुनाव में दो सीटें मिली। बीजेपी का यह एजेंडा जारी रहा। लेकिन, उसके बाद बीजेपी का देशभर में कॉडर बढ़ता गया। इसी कड़ी में 1986 में नरेंद्र मोदी बीजेपी में शामिल हुए। यहीं से नरेंद्र मोदी का राजनीतिक जीवन शुरू हुआ।

## गुजरात में पहली सरकार के आर्किटेक्ट मोदी

नरेंद्र मोदी संगठन के सिपाही के तौर पर गुजरात में बीजेपी की पहली सरकार के आर्किटेक्ट भी रहे। असल में बीजेपी में शामिल होने के बाद अपनी संगठन क्षमता से नरेंद्र मोदी ने सबको प्रभावित किया।

नतीजतन उन्हें कुछ साल बाद ही गुजरात बीजेपी का महामंत्री बनाया। यहीं से नरेंद्र मोदी ने गुजरात में बीजेपी के संगठन विस्तार को पंख लगा दिए। जिसका परिणाम 1995 के विधानसभा चुनाव में सामने आया। नतीजतन बीजेपी ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया और शंकर सिंह बाघेला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

## मुश्किलें झेलते हुए मोदी ने एक कमरे में गुजारा था 3 साल का समय

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 17 सितंबर को जन्मदिन है। ल्लि्२ˆ१‚ङ्क इस अवसर पर विशेष सीरीज के तहत आपको बता रहा है उनसे जुड़ी हर वह बात, जो जानना चाहते हैं आप। मोदी के राजनीतिक कॅरियर की बात करते समय यही माना जाता है कि उनका सफर 1995 से शुरू हुआ, जबकि ऐसा नहीं है।

दरअसल, मोदी आपातकाल से ही गुजरात की राजनीति में सक्रिय हो चुके थे। सन 1975 से 77 तक वे भूमिगत रहे थे। इस दौरान भी मोदी आरएसएस के कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे और भेष बदल-बदलकर संघ का प्रचार करते थे। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि आज करोड़ों रुपए के हाईटेक ऑफिस में बैठने वाले मोदी ने तीन साल का समय एक छोटे से कमरे में ढेरों मुश्किलों के साथ गुजारा था। जी हां, आपातकाल के दौरान मोदी ने धोलका गांव में छिपकर एक छोटे से कमरे में 3 साल का समय गुजारा था अब इस कमरे ने शिव मंदिर की जगह ले ली है।

## वैश्विक व्यक्तित्व के महानायक प्रधानमंत्री मोदी को कई देशों ने किया सम्मानित

**आज** के समय में भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में अगर कोई सबसे ज्यादा लोकप्रिय हस्ती है तो वह हैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। उन्होंने विश्व के नेताओं के बीच सर्वोच्च स्थान बनाते हुए भारत को भी शिखर तक पहुंचाया है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय राजनीतिक हस्तियों में शामिल नरेंद्र मोदी जी का नाम उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली, दृढ़निश्चय और क्षमता के कारण न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व पटल पर गूंज रहा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सर्वेक्षणों में नरेंद्र मोदी को दुनिया के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय व्यक्ति के रूप में शुमार किया जा रहा है।

चंद दिनों पूर्व हुए मॉ्नग कंसल्ट के एक सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 76 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के ह्यसबसे लोकप्रियह्ल नेता माने गए हैं। वैसे भी ह्यग्लोबल लीडर अप्रूवलह्ल सर्वेक्षण के अनुसार वे लगातार दुनिया में टॉप पर बने हुए हैं। पीएम को दुनिया भर के देशों से कई शीर्ष सम्मान मिल चुके हैं। हाल ही में उनके ग्रीस दौरे पर उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया।





- **जुलाई 2023 में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा देश के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।**
- मई 2023 में पापुआ न्यू गिनी की ओर से कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया गया था।
- मई में कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया था।
- पीएम मोदी को 2019 में मालदीव की ओर से ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन से नवाजा गया था।
- 2019 में रूस की ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू से पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया गया था।
- 2019 में यूएई द्वारा ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड से पीएम सम्मानित हुए थे।
- 2018 में ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन अवॉर्ड भी दिया गया है।
- **जून, 2023 में मिस्र द्वारा ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया गया।**
- 2016 में अफगानिस्तान की ओर से गाजी अमीर अमानुल्लाह खान का राज्य आदेश और 2016 में सउदी अरब द्वारा अब्दुल अजीज अल सऊद का आदेश दिया गया था।



## आडवाणी की राम मंदिर यात्रा के 'सारथी' मोदी

आपतकाल के बाद नरेंद्र मोदी का संघ में कद बढ़ा तो वहीं दूसरी ओर बीजेपी का गठन हुआ। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी को अन्य जिम्मेदारियां दी जाने लगी। इस बीच नरेंद्र मोदी की भूमिका बीजेपी के सबसे प्रमुख एजेंडे राम मंदिर निर्माण आंदोलन को तेज करने में लगाई गई। जिसके तहत वह बीजेपी गठन के कुछ सालों यानी 1991 में लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में निकाली गई राम मंदिर यात्रा के सारथी बने। आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक अपनी रथयात्रा शुरू की। जिसमें मोदी को यात्रा के गुजरात चरण की तैयारी करने की ज़िम्मेदारी दी गई थी।यात्रा शुरू हुई तो हजारों लोगों की भीड़ सड़कों पर थी।

## कश्मीर के लाल चौक में तिरंगा फहराने के शिल्पकार मोदी

आजादी के तीन दशक बाद भी कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा नहीं फहराया गया था। जिसे फहराने के शिल्पकार भी एक कार्यकर्ता के तौर पर नरेंद्र मोदी ही बने थे। 90 के शुरूआत में जब कश्मीर में आतंकवाद अपने चरम पर था। तो उस दौरान मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक यात्रा आयोजित की गई। इस यात्रा का समापन कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने के साथ होना था। यात्रा को लेकर कई धमकियां मिल रही थी। तो वहीं इस इस यात्रा का समन्वयन करने की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी के पास थी। नतीजतन धमकियों और कई रूकवटों के बीच मुरली मनोहर जोशी ने तय समय पर लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी की मेहनत सफल रही।





## हरियाणा और हिमाचल में बीजेपी को खड़ा किया

गुजरात में बीजेपी सरकार के गठन के बाद कई कारणों से नरेंद्र मोदी की भूमिका गुजरात में ही सीमित हो गई। नतीजतन वह देश की राजनीति में सक्रिय किए गए। जिसके तहत उन्हें हरियाणा और हिमाचल की जिम्मेदारी दी गई। यह दोनों ही हिंदी भाषी राज्य बीजेपी के लिए अभेद्य बने हुए थे। लेकिन, गुजरात नरेंद्र मोदी ने गुजरात संगठन में रहते हुए अर्जित किए हुए गणित से इन अभेद्य किलों को फतेह करने की रूपरेखा बुन दी।

नरेंद्र मोदी ने संगठन के व्यवहार के साथ हीबंसीलाल की पार्टी ह्यहरियाणा विकास पार्टीह्ल से गठबंधन किया। नतीजतन पहली बार बीजेपी हरियाणा में सत्ता में आई। वहीं हिमाचल में नरेंद्र मोदी ने प्रेम कुमार धूमल को तराशा। नरेंद्र मोदी के यह प्रयोग मौजूदा समय में भी हरियाणा और हिमाचल में बीजेपी के अचूक मंत्र बने हुए हैं।

## नरेंद्र मोदी के नजरिये में आदर्श कार्यकर्ता के चार गुण

लंबे समय तक संगठन के सिपाही रहे नरेंद्र मोदी ने अपने नजरिये से आदर्श कार्यकर्ता को भी परिभाषित किया है। नरेंद्र मोदी ने एक आदर्श कार्यकर्ता में 4 आवश्यक गुणों की वकालत की। उन्होंने पार्टी महासचिव रहने के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा था कि पग में चक्कर (सक्रिय रहो, बेकार मत बैठो और अपने कार्यों में तेज रहो), जीभ में शक्कर (हमेशा अच्छी बातें कहो, कड़वा मत बनो), सर पे बर्फ (शांत दिमाग के साथ काम करो) और दिल में हाम (दिल में हिम्मत रखो)।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा झलकियां


























दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। रविवार 07 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोड शो से पहले कार से उतरकर की इन चेहरों से मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को जब गाजियाबाद आये तो उन्होंने रोड शो से पहले 15 लोगों से मुलाकात की। मुलाकात वाली इस लिस्ट में मुख्यमंत्री भी शामिल हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यहां गाजियाबाद के लोकसभा उम्मीदवार से लेकर विधायकों से मुलाकात की। क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो से पहले सब्जी मंडी के सामने उनके लिए सेफ होम बनाया गया था। प्रधानमंत्री यहां अपनी कार से उतरे और उन्होंने 15 लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले 15 लोगों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, लोकसभा उम्मीदवार तथा शहर विधायक अतुल गर्ग, कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, विधायक अजीत पाल त्यागी, मेयर सुनीता दयाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा गाजियाबाद प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान और नरेश तोमर ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इन सब चेहरों से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री फिर रोड शो वाले रथ पर सवार हुए और फिर शो शुरू हुआ।



## हैलीपेड पर अनिल अग्रवाल, दिनेश गोयल, रमेश चंद तोमर सहित 14 लोगों ने किया स्वागत

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गाजियाबाद में हैलीपेड पर पहुंचे तो यहां उनके स्वागत के लिए 14 वरिष्ठ भाजपाईयों की टीम थी। इनमें पूर्व सांसद और पूर्व एमएलसी भी शामिल थे। प्रधानमंत्री का स्वागत करने वालों में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर मुख्य रूप से मौजूद थे। इसक अलावा यहां पर पूर्व एमएलसी पूर्व पार्षद भी मौजूद थे।

## जब मुख्यमंत्री ने जनरल से मिलाया हाथ और उन्हें तमिलनाडु दिलाया याद



करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह राजनीति की एक बड़ी शख्सीयत हैं। भले ही वो गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं लेकिन इससे उनके राजनीतिक कद को कम नहीं आंका जा सकता। वो देश की सेना के प्रधान रहे हैं। लगातार दो सरकारों में केन्द्रीय मंत्रालय संभाला है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जब सबसे मिले तो यहां भी इस बात का अहसास हुआ और ये अहसास स्वयं योगी आदित्यनाथ ने कराया। सीएम ने अन्य सभी चेहरों से नमस्कार की। लेकिन यहां उन्होंने जनरल वीके सिंह से विशेष रूप से हाथ मिलाया और उनके हाल चार भी पूछे। बताते हैं कि यहां सीएम ने जनरल वीके सिंह से कहा कि अभी आपको तमिलनाडू जाना है। गौरतलब है कि जनरल वीके सिंह तमिलनाडू से भी प्रभारी हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री का सभी से नमस्कार और जनरल वीके सिंह से विशेष रूप से हाथ मिलाना एक संदेश दे रहा था।

# प्रधानमंत्री के रोड शो की परीक्षा में भगवा कमांडर ने कर दिया टॉप

## स्वीकार किया चैलेंज और पूरा कार्यक्रम रहा वैल मैनेज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गाजियाबाद आये और पहली बार उन्होंने रोड शो किया। इस रोड शो की तैयारियों को लेकर महानगर संगठन दिन रात जुटा हुआ था। हालांकि पूरा संगठन यहां लगा था लेकिन बड़ी जिम्मेदारी महानगर संगठन के कंधों पर थी। क्योंकि यह रोड शो उन्हीं के कार्यक्षेत्र में हो रहा था। रोड शो में व्यवस्था बनाने से लेकर भीड़ जुटाने तक महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने दिन रात काम किया। रोड शो के कदम दर कदम से लेकर इंच इंच जमीन के हिस्से पर क्या होना है, ये तय किया। सबसे बड़ी बात ये थी कि उन्होंने इस पूरे रोड शो की थीम को अपनी टीम के साथ मिलकर साझा किया। ये रोड शो बड़ा चैलेंज था और शनिवार को जब सफल रोड शो का समापन हुआ तो भगवा कमांडर संजीव शर्मा के खाते में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई। वो उन महानगर अध्यक्ष की सूची में आ गये जिनके खातें में सीएम से लेकर पीएम तक की सफल रोड शो की उपलब्धि दर्ज है।



इससे पहले भी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा कई सफल कार्यक्रम आयोजित करा चुके हैं लेकिन प्रधानमंत्री के रोड शो के सफलतापूर्वक आयोजित कराने के बाद उनके रिपोर्ट कार्ड में मैरीट अंक बढ़ गये हैं। महानगर अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक बड़ी चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

# 21 अप्रैल को गाजियाबाद में आ रही हैं बसपा सुप्रीमो मायावती

## बड़े मैदान में होगी लोकसभा उम्मीदवारों के समर्थन में उनकी जनसभा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती 21 अप्रैल को गाजियाबाद आ रहीं हैं। मायावती यहां पर बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर और बागपत लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार प्रवीण बैंसला के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। बसपा के मेरठ मंडल मुख्य कोर्डिनेटर और स्टॉर प्रचारक कुलदीप ओके ने करंट क्राइम से बातचीत में यह जानकारी देते हुए बताया कि बसपा सुप्रीमो का कार्यक्रम फाईनल हो गया है। वह 21 अप्रैल को गाजियाबाद आ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि यहां उनकी बड़ी जनसभा के हिसाब से स्थान का चयन किया जा रहा है। इस जनसभा में बड़ी संख्या में उन्हें सुनने के लिए आयेंगे। हालांकि अभी स्थान तय नहीं हुआ है लेकिन जल्द ही स्थान तय हो जायेगा। कयास यही लगाया जा रहा है कि यह स्थान एनडीआरएफ का मैदान हो सकता है। पूर्व में भी बसपा सुप्रीमो मायावती की विशाल जनसभा इस मैदान पर हो चुकी है। इससे इस बात की संभावना लगाई जा रही है कि यहां पर 21 अप्रैल को एनडीआरएफ के मैदान में मायावती की जनसभा हो सकती है।



### आज आ रहे हैं वृन्दावन ग्रीन में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद

करंट क्राइम। बसपा ने गाजियाबाद से नन्द किशोर पुण्डीर को लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। आज पार्टी के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद गाजियाबाद आ रहे हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाराम सैन के अनुसार आज अर्थला के वृन्दावन ग्रीन में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद 3.30 बजे पहुचेंगे। वह यहां गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नन्द किशोर पुण्डीर और बागपत लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीण बैसला के समर्थन में कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

# विधायक-संयोजक-पूर्व मेयर की भी रही सराहनीय भागीदारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कोई भी थीम जब सफल होती है तो उसके पीछे एक चेहरा नहीं बल्कि पूरी टीम होती है। हालांकि ये भी सत्य है कि जब टीम जीतती है तो ट्राफी कप्तान ही लेते हैं। लेकिन ये भी सत्य है कि मैच में कोई खिलाड़ी मैन ऑफ द मैच भी बनता है और किसी के हिस्से में बेस्ट बॉलर का अवार्ड आता है। कोई अपनी फिल्डिंग से पूरे मैच पर छा जाता है। कोई इतना शानदार कैच पकड़ा है कि मैच का पासा पलट जाता है। इसे ही टीमवर्क कहा जाता है। टीमवर्क की बात करें तो यहां प्रधानमंत्री के रोड शो में विधायकों ने अपनी भूमिका निभाई है। मंडल अध्यक्ष अपने पूरे दमखम के साथ इस रोड शो को सफल बनाने में जुटे। मोर्चों की टीम ने सफलता का मोर्चा खोला। यहां पर जब टीम वर्क की बात होगी तो लोकसभा चुनाव संयोजक अजय शर्मा के योगदान को याद रखा जायेगा। दिन रात तैयारियों में लगे रहे। पूरी रणनीति के साथ काम किया। अगर टीम वर्क की बात है और समर्पण का जिक्र हो रहा है तो पूर्व मेयर अशु वर्मा के जिक्र के बिना ये अधूरा है। उन्हें इस आयोजन में विशेष जिम्मेदारी दी गई थी और अशु वर्मा ने एक कार्यकर्ता वाले भाव के साथ समय की सीमाओं से पार जाकर काम किया। भाजपा के लिए भाजपा के सिपाही के रूप में मोर्चे पर डटे रहे। अपनी भागीदारी को पूरा किया। यहां पर भाजपा के पार्षदों से लेकर भाजपा के कार्यकताओं ने ये दिखा दिया कि गाजियाबाद को भगवागढ़ क्यों कहा जाता है। ये भाजपा का एक बहुत बड़ा परिवार है और जब भी भाजपा के लिए काम करने की बेला आती है तो भाजपा का ये पूरा परिवार एकजुट होकर आ जाता है।





# जब प्रधानमंत्री के आगमन से पहले बताई जा रही थी विधानसभा की सीमाएं

## तब बड़े चेहरे ने कहा आप तो पूरी लोकसभा ही उनसे ले आये

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सभी उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। सभी का स्थान तय था और प्रधानमंत्री के लिए बनाये गये सेफ होम पर विधानसभा वाले माननीय मौजूद थे। यहां पर उत्तर प्रदेश की सत्ता के धुरी के एक बहुत बड़े चेहरे भी मौजूद थे। विषय विधानसभा की सीमा को लेकर चल रहा था और कदमों के हिसाब से रोचकता के साथ यह बताया जा रहा था कि यदि आप सड़क के इस पार खड़े होंगे तो यह विधानसभा हो जायेगी और यदि आप सड़क के उस पार खड़े होंगे यह विधानसभा हो जायेगी। एक विधायक बता रहे थे कि यदि आप यहां से दस कदम आगे चलकर बोलेंगे तो मेरी विधानसभा शुरू हो जायेगी। इतनी



देर में दूसरे विधायक आ गये और उन्होंने बताया कि अगर आप लैफ्ट घूमेंगे तो आप मेरी विधानसभा में आ जायेगें। अभी यह विषय चल रहा था तो किसी ने कहा कि अब तो शहर वालों का पूरा जिला ही अपना है। उनकी मुराद पूरी हो गयी है और इधर से लेकर उधर तक पूरी विधानसभा उनकी और पूरा जिला उनका है। लेकिन यहां पर शब्दों का मास्टर स्ट्रोक तब लगा जब हल्के फुल्के हास्य अंदाज में उत्तर प्रदेश की सत्ता के बड़े चेहरे ने कहा कि अब तो आप पूरी लोकसभा ही उनसे ले आयें हैं। जब उत्तर प्रदेश की सत्ता के बड़े चेहरे ने ये बात कही तो वहां लोकसभा के निवर्तमान वाले भी मौजूद थे। बड़े चेहरे के इन शब्दों को सुनकर मुस्कुरा तो दिये लेकिन किसी ने शब्दों से कुछ नहीं कहा।

# जनरल वीके सिंह ने कहा बनी रहेगी गाजियाबाद से कनैक्टिविटी

## दस साल सांसद रहा हूं और मेरा रिश्ता है गाजियाबाद से अटूट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा टिकट घोषित होने के बाद से ही ये सवाल सियासी गलियारों में उठ रहा था कि क्या जनरल वीके सिंह यहां चुनाव प्रचार में आयेंगे। क्या वो अब गाजियाबाद से कनैक्शन रखेंगे। क्योंकि जनरल वीके सिंह अब इलैक्शन में नहीं है तो कनैक्शन का सवाल उठ रहा था। इलैक्शन और कनैक्शन की संभावनाओं को जनरल वीके सिंह ने सामने आकर स्पष्ट किया। दैनिक करंट क्राइम ने केन्द्रीय मंत्री से शनिवार को बात की। वो गाजियाबाद में प्रधानमंत्री के रोड शो में पहुंचे थे।



जब करंट क्राइम ने उनसे गाजियाबाद कनैक्शन को लेकर बात की तो जनरल वीके सिंह ने कहा गाजियाबाद हमारा है और गाजियाबाद वाले हमारे हैं। मेरी कनैक्टिविटी गाजियाबाद से हमेशा बनी रहेगी। दस साल यहां से सांसद रहा हूं। इसलिए मेरा रिश्ता इस शहर से डबल है, इस शहर से ज्यादा है। जनरल वीके सिंह ने कहा कि मेरे घर के दरवाजे हमेशा गाजियाबाद वालों के लिए खुले रहें है और खुले रहेंगे। मैं गाजियाबाद आता रहूंगा और गाजियाबाद वालों के प्रति मेरे दिल में विशेष स्नेह रहेगा।

# साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह की माता का निधन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह की माता का निधन हो गया। उदयवीर सिंह की माता पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहीं थीं। उनका उपचार भी कराया गया। शनिवार को उदयवीर सिंह की माता का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मेरठ में किया गया। दैनिक करंट क्राइम अपने साथी उदयवीर सिंह के साथ शोक की इस घड़ी में साथ है। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हैं और ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और शांति प्रदान करें।



## संपादकीय

# राजनीति का बदलता परिदृश्य

देश की राजनीति में सत्ता संग्राम की सीढ़ियों पर सामाजिक विवेचन की अद्भुत पहल भी देखी जा रही है। यहां मतदाता अपनी जातियों के आधार पर समूह और वर्ग पर केंद्रित सियासी काफिले बना रहे हैं। आश्चर्य यह कि हम चुनावी क्षेत्रों में नए राजनीतिक आबंटन की सरहद पर खड़े हैं। कांग्रेस के सामने कई समूह बोलियां लगा रहे हैं तो भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर की जातिवाद खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या देश किसी दल विशेष से अब इस चनावी रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, लेकिन इस तर्क पर क्या कांग्रेस की राजनीति प्रखरवादी सोच आम जनता में पैदा कर पायेगी, इस पर संशय तो बनता ही है।

आज हालात यह हो गये हैं कि देश की राजनीति में कोई भी दल अपने आप को सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में जनता के सामने ला पाने में सक्षम नहीं है। जातीय समीकरणों के आधार पर कब तक टिकटें सुनिश्चित होतीं रहेंगी, आखिर कब तक व्यक्ति के काम और व्यक्तित्व को चुनावों में टिकट का आधार नहीं समक्षा जायेगा। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नेता को जाति, वर्ग या समुदाय बनाता है क्या यह तर्क सही है, नहीं बिल्कुल नहीं। अपने व्यवहार और व्यक्तित्व के प्रभाव सेजीतने वाले के लिए जातियां दोयम साबित हो रही हैं। आज का प्रत्येक वर्ग और समाज वहां अगर सही नेतृत्व ढूंढते हुए जाति भूल रहा है, तो उसे सलाम। आज की राजनीति का बदलता परिदृश्य और जनमानस की सोच का दायरा नेताओं का मुआयना सा जरूर कर रहा है। सर्वमान्य होने से पहले जो नेता जातियों या वर्गों की वर्दी पहनकर उछलकूद कर रहे हैं, उन्हें पहचाना जाए या जिन्होंने सीढ़ियां चढ़ते हुए यह साबित किया कि वे इस तरह की तफतीश से ऊपर हैं। गाहे-बगाहे हम चुनावों की परिपाटी में समाज के बीच अनावश्यक बंटवारे को देख लेते हैं। समाज को अब साधने और हांकने के लिए राजनीति नित नए बहाने ढूंढ रही है और इसकी विडंबना से हम ऐसे जनप्रतिनिधियों के पल्ले पड़ गए हैं, जो या तो परिवारवाद या जातिवाद की उपज हैं।

विडंबना यह है कि आज न तो जातियां इंसान बना रही हैं और न ही विभिन्न वर्ग नागरिक समाज को जवाबदेह बना रहे हैं। राजनीति की दौड़ में बैसाखियां चाहिए। कोई जाति की टोपी पहनकर टिकट मांग रहा है तो कोई वर्ग या समुदाय की वर्दी पहनकर पहचान पाना चाहता है। सुकून की बात यह कि अधिकांश चुनावों में जातियों तथा वर्ग के झंडे पीछे करके अब हर समाज सामंतवादी सोच को ठुकरा रहा है। बेहतर लोकतंत्र के लिए जातियों के एहसास या पैदाइशी वर्ग के स्वाभिमान से कहीं हटकर सोचना पड़ेगा तभी हमारे देश का भविष्य सुरक्षित रह सकता है,राष्ट्र की अस्मिता बची रह सकती है।

# अब बैंकों की कतार से मिलेगी निजात

## यूपीआई के जरिए सीडीएम में जमा कर सकेंगे नकदी



**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई का इस्तेमाल करते हुए कार्डलेश तरीके से एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा के अनुभव को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने अब सीडीएम मशीन में नकद जमा करने के लिए भी ऐसी ही सुविधा देने की मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई का इस्तेमाल कर कैश डिपॉजिट मशीन के माध्यम से बैंक खाते में नकदी जमा करने की बड़ी सुविधा देने का एलान किया है। इससे बैंकों में कतार में लगकर नकदी जमा करने का इंतजार करने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी। वे बैंकों की कतार में लगे बिना नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में यूपीआई के जरिये की नकद जमा कर पाने में सक्षम होंगे। आरबीआई गवर्नर ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक के बाद अपने संबोधन में इसकी जानकारी दी है।

**कैसे काम करेगी नई सुविधा :** आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूपीआई का इस्तेमाल करते हुए कार्डलेश तरीके से एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा के अनुभव को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने अब सीडीएम मशीन में नकद जमा करने के लिए भी ऐसी ही सुविधा देने की मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा है। इसका मतलब है कि अब ग्राहक बैंकों की कतार में लगे बिना यूपीआई का इस्तेमाल कर सीडीएम मशीन में नकद जमा कर सकेंगे। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को नए स्तर पर ले जाएगा और बैंकों में मुद्रा हैंडलिंग प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, बैंकों की शाखाओं में सीडीएम लगाई जाएंगी। इससे शाखाओं पर भार कम होगा।

### आरबीआई गवर्नर ने कहा?

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद मौद्रिक नीति के एलान के दौरान इस बात की जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि फिलहाल ग्राहकों को डेबिड कार्ड के इस्तेमाल से कैश डिपॉजिट मशीन में नकदी जमा करने की सुविधा मिलती है। अब केंद्रीय बैंक ने इस बात की मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा है कि ग्राहक यूपीआई का ही इस्तेमाल कर सीडीएम मशीन में नकद जमा कर सकें। बता दें कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी तीन दिवसीय बैठक के बाद रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखने का फैसला किया है।

### यूपीआई के जरिए सीडीएम में कैसे जमा होगी नकदी?

- यूपीआई के जरिए नकदी जमा करने की सुविधा हासिल करने के लिए आपको ऐसी ब्रांच या एटीएम पर जाना होगा, जहां कैश डिपॉजिट मशीन यानी सीडीएम लगी हो।
- सीडीएम मशीन में आपको यूपीआई नकद जमा का विकल्प चुनना होगा
- फिर आपको वह राशि दर्ज करनी होगी जिसे आम सीडीएम मशीन में जमा करवाना चाहते हैं
- इसके बाद आपको अपने फोन पर यूपीआई एप खोलकर सीडीएम स्क्रीन पर दिख रहे क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।
- अब सीडीएम मशीन आपको नकदी मशीन में डालने की सुविधा देगा। इसके बाद आप नकदी जमा करने के लिए अपने पास मौजूद करेंसी नोटों को मशीन में डालें
- लेनदेन पूरा होने के बाद मशीन और आपके यूपीआई एप पर इस बात की पुष्टि की जाएगी कि आपका पैसा हो गया है।

# 2020 के बाद पहली बार संपत्ति के मामले में मस्क से आगे निकले जुकरबर्ग



**नई दिल्ली।** मस्क की संपत्ति इस साल 48.4 बिलियन डॉलर कम हो गई है, जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर जुड़ गए हैं। मेटा के शेयर शुक्रवार को अपनी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब जुकरबर्ग 16 नवंबर, 2020 के बाद से ब्लूमबर्ग की सबसे अमीर लोगों की रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं मार्क जुकरबर्ग शुक्रवार को एलन मस्क को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।

2020 के बाद पहली बार जुकरबर्ग में संपत्ति के मामले में मस्क को पीछे कर दिया है। मस्क, जो हाल ही में मार्च महीने की शुरूआत में ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स पर पहले स्थान पर थे, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के बाद चौथे स्थान पर गिर गए जिसमें कहा गया कि टेस्ला ने कम महंगी कार की योजना रद्द कर दी है, इससे इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि मस्क ने इन खबरों का खंडन किया। इसके बाद सप्ताह की शुरूआत में एक ओश्र खबर आई कि टेस्ला की वाहन डिलीवरी मार्च तक तीन महीनों में गिर गई। कोविड महामारी के शुरूआती दिनों के बाद से वाहनों की डिलिवरी में पहली बार सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई।

मस्क की संपत्ति इस साल 48.4 बिलियन डॉलर कम हो गई है, जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर जुड़ गए हैं। मेटा के शेयर शुक्रवार को अपनी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब जुकरबर्ग 16 नवंबर, 2020 के बाद से ब्लूमबर्ग की सबसे अमीर लोगों की रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। उस समय उनकी संपत्ति 105.6 बिलियन डॉलर थी वहीं मस्क की संपत्ति 102.1 बिलियन डॉलर थी। आज के समय में मस्क की कुल संपत्ति 180.6 बिलियन डॉलर है जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति 186.9 अरब डॉलर है। मस्क और जुकरबर्ग के बीच संपति का अंतर का नवंबर 2021 में 215 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। यह दशार्ता है कि टेस्ला के स्टॉक जो कभी निवेशकों की बड़ी पसंद थे अब मेटा के शेयरों की तुलना में थोड़े नरम पड़े हैं। इस बदलाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी चीजों में निवेश भी एक कारण हो सकता है। टेस्ला के शेयर इस साल 34% की गिरावट आई है, जिससे यह 500 इंडेक्स पर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला शेयर है। यह ईवी की मांग में वैश्विक मंदी, चीन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और जर्मनी में उत्पादन समस्याओं से प्रभावित हो गया है। इस बीच, मेटा ने मजबूत तिमाही आय और कंपनी की एआई पहल के बाद49% की वृद्धि हासिल की है। यह 500 पर पांचवां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला शेयर है।

# तनाव से मुक्ति चाहती है महिलाएं !

प्रस्तुति करंट क्राइम

**मोनिका मोनी**



बहुत सारी महिलाएं आजकल सिर्फ इसलिए भी नौकरी करती हैं ताकि वो कुछ घंटों के लिए घर के तानाव से मुक्ति। ये बात मैंने ऐसे ही नहीं कह दी है..बहुत सी महिलाओं ने इस मुद्दे पर खुद बात की है..खुद अपनी परेशानियां कही हैं...इसमें हर उम्र की महिला है..अक्सर महिलाएं जब एक साथ बैठती हैं तो गृहणियां अपना और कामकाजी महिलाएं अपनी अनकही परेशानियां साझा करती है। कामकाजी महिलाएं थकी हैं, बोझिल हैं, बीमार हैं, ऑफिस पॉलिटिक्स का शिकार हैं..हड्डियां कमजोर हो रही हैं, मोटापा बढ़ रहा है..आंखों के नीचे काले घेरे हैं बहुत सारी नई नई बीमारियां घेर रही हैं शरीर को आराम की जरूरत है लेकिन फिर भी कामकाजी बने रहना चाहती हैं...यहां आर्थिक तंगी वजह नहीं है...वजह होता है परिवार वालों का रूखा व्यवहार! कईयों का कहना है कि घर उन्हें घर नहीं कोई ऐसी जेल लगती है जहां हर वक्त उनमें मीन मेख निकाली जाती है..उनको आइना दिखाया जाता है..ऑफिस में तो चलो फिर भी अप्रेजल हो जाता है लेकिन घरों में शाबाशी मिलना बेहद मुश्किल है!

बस लोगों को वहम बना रहता है कि महिला अपने मन मुताबिक जीवन जी रही है..पैसा कमा रही है..शौक पूरे कर रही है...लेकिन सच्चाई तो ये होती है की उसका जीवन भी कट ही रहा होता है..वो न खुद खुश रह पाती है और न किसी और को खुश रख सकती है..

इमोशनली कमजोर कोई भी शख्स जब परिवार में सहारा नहीं ढूंढ पाता तो हताशा में बाहर का रास्ता देखता है..पर यहां फिर महिलाओं की अग्नि परीक्षा होती है..उनका चरित्र ताक पर लगता है..महिलाओं को यहां भी खुद को बांधना होता है..अपने मन में पूरा लोड लिए वो घर से ऑफिस, ऑफिस से घर के चक्कर काटती हैं..चेहरे पर कोई रौनक नहीं। कोई मुस्कुराहट नहीं! जीने के लिए कोई सहारा नहीं दिखता..दिखती है तो बस नौकरी !!और दो पैसे!! जिसके ऊपर वो बेसहारा निर्भर होकर दुनिया की नजरों में आत्मनिर्भर और मजबूत महिला कहलाती है..

मुझे नहीं लगता की हमारा समाज कभी तरक्की कर पाएगा.. क्योंकि जहां परिवार का केंद्र कही जाने वाली महिला की ऐसी स्थिति है वहां कैसी बरकत की आशा हम लगाए बैठे हैं..?बरकत महिलाओं से ही होगी..महिलाओं की खुशी और सेहत ही घर में और देश में खुशहाली ला सकती है।

# पांच जनवरी की घटना से अभी भी बोइंग के सीईओं सदमे में

**नई दिल्ली।** कंपनी के सुरक्षा दस्तावेजों में शुक्रवार को बताया गया कि कंपनी को साल 2023 में मुआवजे के रूप में 3.3 करोड़ डॉलर मिले। जबकि डेव कैलहौन ने अलास्का एयरलाइंस की घटना के बाद करीब 28 लाख डॉलर बोनस लेने से मना कर दिया। अलास्का एयरलाइंस में पांच जनवरी को हुई भयावह घटना हर किसी को याद होगी। जब विमान का विंडो पैनल फ्लाइट टेकऑफ होने के बाद अचानक उड़ गया था। घटना के तुरंत बाद बोइंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेव कैलहौन ने अपनी गलती स्वीकार की थी और कहा था कि घटना की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच होगी। तीन महीने बीत जाने के बाद भी शायद बोइंग के सीईओ इस हादसे से नहीं उभर पाए हैं क्योंकि उन्होंने 28 लाख डॉलर बोनस लेने से मना कर दिया है। कंपनी का बयान : कंपनी के सुरक्षा दस्तावेजों में शुक्रवार को बताया गया कि कंपनी को साल 2023 में मुआवजे के रूप में 3.3 करोड़ डॉलर मिले। जबकि डेव कैलहौन ने अलास्का एयरलाइंस की घटना के बाद करीब 28 लाख डॉलर बोनस लेने से मना कर दिया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया।
उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं ?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी ना ?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

---

एक दोस्त दूसरे दोस्त से गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया.. अब गाड़ी को आगे नहीं ले जा सकते।
दूसरा दोस्त झ्र कोई बात नहीं.. गाड़ी को रिवर्स गियर में लगाओ.. घर वापिस चलते हैं।

---

डॉक्टर- जब तुम तनाव में होते हो क्या करते हो?
सोनू- जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर- बहुत बढ़िया, ध्यान-व्यान लगाते हो वहां?
सोनू- जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं, फिर उन लोगों को देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा तनाव दूर हो जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने के कारण इंसान की रीढ़ की हड्डी को पृथ्वी पर होने वाले खिंचाव से छुटकारा मिल जाता है. और जब कोई अंतरिक्ष यात्री अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है तो उसकी लम्बाई 2.25 इंच तक बढ़ जाती है।
- साल 1984 में अमेरिकी एस्ट्रोनॉट ब्रूस मैक्कैंड्लेस यान से निकलकर अंतरिक्ष में विचरण करने वाले पहले मानव बने। वे चैलेंजर नामक अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर 300 फुट तक चले थे। ब्रूस यूएस नेवी में फाइटर पायलट भी रह चुके हैं।
- साल 1 9 62 में, अमेरिका ने अंतरिक्ष में एक हाइड्रोजन बम को उड़ा दिया जो हिरोशिमा से 100 गुना अधिक शक्तिशाली था।
- 23 अप्रैल, 1967 को सोवियत कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव अंतरिक्ष की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान वापसी में स्पेसक्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए थे। अंतरिक्ष यात्रा में मरने वाले वे दुनिया के पहले व्यक्ति थे। आप अंतरिक्ष में रो नहीं कर सकते क्योंकि आपके आँसू कभी नहीं गिरेंगे।
- अंतरिक्ष यात्री के मुताबिक, अंतरिक्ष में स्टेक, गर्म धातु और वेल्डेंग फोम की तरह खुशबू आ रही है।

## 07 04 2024 आज के जन्मदिन

**करंट क्राइम**
परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



जितेन्द्र
अभिनेता



हंसा अमोला



आशा गौतम



संजीव शर्मा



अरविंद कुमार सिंह



विकास बंसल



विकास त्यागी



बीएल वार्ष्णेय



राधेश्याम शुक्ला



कपिल मावी गुर्जर




रिशु मल्होत्रा



सुमित चौधरी




वरूण त्यागी



वसीम



सुरेश पंवार



यश ठाकुर



योगेंद्र शर्मा

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# एनआईए टीम पर हमले को लेकर घिरी सरकार, अमित मालवीय बोले- बंगाल में अपराधियों को टीएमसी का संरक्षण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर भी हमले की घटना सामने आई है। जिसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। अमित मालवीय ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कुशासन में अराजकता की स्थिति जारी है। ईडी पर हमले के बाद अब एक और केंद्रीय एजेंसी पर हमला हुआ है। एनआईए अधिकारियों की एक टीम पर पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हमला हुआ। एनआईए टीम टीएमसी के दो नेताओं को गिरफ्तार करने पहुंची थी। 100-150 ग्रामीणों ने न सिर्फ एनआईए टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने से रोका,





बल्कि एनआईए के वाहनों पर पथराव भी किया। यह स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के संभव नहीं है। बंगाल के सभी अपराधियों शाहजहां शेख से लेकर अनुब्रत मंडल तक, सभी को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है।' अमित मालवीय ने अपने पोस्ट में दो वीडियो भी जारी किए हैं, जिनमें एक वीडियो स्थानीय लोग सुरक्षाबल के जवानों से बहस करते दिख रहे हैं, वहीं दूसरे वीडियो में एनआईए टीम के काफिले पर पथराव को दिखाया गया है। 'ममता बनर्जी तानाशाही कर रही हैं' बंगाल में भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने भी एनआई टीम पर हमले के लिए राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया। सिन्हा ने कहा कि 'इस हमले से साफ हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था जैसी कोई स्थिति नहीं है। शासन के नाम पर ममता बनर्जी तानाशाही कर रही हैं, उन्होंने राज्य का भविष्य कट्टरपंथियों के हाथों में दे दिया है। हम मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने एनआईए टीम पर हमले को लेकर कहा कि 'राज्य पुलिस ये सब कर रही है। वे अपराधियों को इकट्ठा करते हैं और फिर उन्हें सुरक्षित रास्ते से निकाल लेते हैं। जो हमला कर रहे हैं, उन्हें ये आश्वासन दिया जा रहा है कि उनकी सुरक्षा की जाएगी। उन्हें पता है कि एनआईए, सीबीआई और ईडी आएंगी और जाएंगी, लेकिन उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। ऐसी घटनाओं में टीएमसी से जुड़े सभी लोगों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाना चाहिए, वरना राज्य में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकेंगे।' भाजपा का आरोप- बंगाल में बिगड़ रही कानून व्यवस्था एनआईए टीम पर बंगाल में हुए हमले पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 'यह देखना दुखद है कि ममता बनर्जी की सरकार में टीएमसी आतंक, माफिया और भ्रष्ट हो गई है। टीएमसी सरकार में बंगाल में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। राज्य में डर का माहौल है कि केंद्रीय एजेंसियां भी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे में मां, माटी और मानुष कैसे सुरक्षित होंगे। आज हम संदेशखाली 2.0 के गवाह बने।' भाजपा नेता शिशिर बाजोरिया ने कहा, 'आज फिर से हमारे राज्य में सेंट्रल एजेंसी पर हमला हुआ, आज भूपतिनगर में ठक्अ पर हमला हुआ और यह भी देखा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने इस विषय पर कुछ भी नहीं किया। हमने राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिख कर भूपतिनगर पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की है।' भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा, 'पश्चिम बंगाल के नागरिक होने के नाते हमें शर्मिंदगी हो रही है, कुछ दिन पहले हमने देखा था जब एऊके अधिकारी आए थे तब भी उनपर हमला हुआ था। आज ठक्अ के ऊपर हमला हुआ... आज जो हुआ है उसकी ज़िम्मेदारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेनी होगी।' एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी।

# कर्नाटक के गृह मंत्री के बयान पर हंगामा, भाजपा का आरोप- कांग्रेस का चरित्र आज भारत विरोधी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर के बयान पर राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने कहा है कि जी परमेश्वर ने देश विरोधी बयान दिया है और उनका बयान चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का चरित्र आज भारत विरोधी हो गया है। जी परमेश्वर के बयान पर भाजपा का तीखा हमला

गौरव भाटिया ने कहा कि 'कर्नाटक के गृह मंत्री ने भारत विरोधी, दुखी करने वाला और चिंताजनक बयान दिया है। उनका कहना है कि पुलवामा हमला केंद्र सरकार के इशारे पर हुआ। यह विश्वास से भी परे है कि आज की कांग्रेस का चरित्र भारत विरोधी है। उनके नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के इशारे पर ऐसे बयान दे रहे हैं। बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस, सपा और आम आदमी पार्टी ने बेतुके बयान दिए थे और



इसके सबूत मांगे थे। वही भारत विरोधी चरित्र जी परमेश्वर के बयान में दिखा है।

लोकतंत्र में ऐसे बयानों के लिए कोई जगह नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि 'अगर कांग्रेस का ऐसा स्टैंड है तो ये कह सकते हैं कि कांग्रेस के इन कामों की भारत में कोई जगह नहीं है। आप भारतीय सेना से सबूत मांगते हैं और अब देश के लोग ही आपके पूछ रहे हैं कि आप भारतीय हैं या नहीं।' बता दें कि जी परमेश्वर ने अपने एक बयान में कहा कि 'ये आशंका लगातार बनी हुई है कि फरवरी 2019 को जो पुलवामा में जो हमला हुआ था, वो केंद्र सरकार के इशारे पर तो नहीं हुआ था। कई सवाल अभी भी ऐसे हैं, जिनका जवाब नहीं मिला है।' जी परमेश्वर के इसी बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है।

## न्यूज डायरी

### ओवैसी का दावा- मुख्तार के घर जाने के बाद से मिल रहीं धमकियां, बोले- मैं मुर्गी का बच्चा नहीं



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में एक जनसभा के दौरान दावा किया कि 'जब से वह उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के घर होकर आए हैं, तब से ही उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।' ओवैसी ने कहा कि 'मैं जुनैद के घर भी गया था और अखलाक के घर भी गया था। जो लोग मुझे धमकियां दे रहे हैं, उन्हें ये बात याद रखनी चाहिए कि मैं तभी मरूंगा, जब मेरा वक्त आएगा। मैं डरने वाला नहीं हूं। ओवैसी बोले- मैं मुर्गी का बच्चा नहीं इसे लेकर ओवैसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि 'मैं उन शैतानी ताकतों से कह रहा हूं कि एक बात याद रखो, मैं कोई मुर्गी का बच्चा नहीं हूं, मैं इतनी आसानी से जाने वाला नहीं हूं। पीठ नहीं दिखाऊंगा, तुम क्या तुम्हारा बाप भी आए तो मैं मुकाबला करूंगा।' बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बीते दिनों बांदा जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत पर बीते रविवार को असदुद्दीन ओवैसी गाजीपुर में मोहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे थे। इस दौरान ओवैसी ने मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। ओवैसी ने सीएए पर कहा कि 'सीएए, एनपीआर और एनआरसी को जोड़कर देखना चाहिए। पहले अमित शाह ने कहा था और अब राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि भारत में गरीबों, पीड़ितों और खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के मुसलमानों को राज्यविहीन बनाना है। यही भाजपा की मंशा है।

### सिंगरौली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश मजबूत होगा



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के रामलीला मैदान बैढन में आयोजित एक चुनावी सभा में पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में विशेषज्ञों ने मान लिया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। लेकिन, हमें प्रदेश की जनता पर भरोसा था और वो कायम रहा। प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार दी। अब फिर चार महीने के बाद मप्र में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल चुनाव होते हैं, कभी किसी राज्य में चुनाव होता है तो कभी किसी और राज्य में। मेरा और मेरी पार्टी का मानना है कि एक देश एक चुनाव। उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के चुनाव एक साथ होने चाहिए। इसी तरह नगर पंचायत, नगर पालिक और जो भी चुनाव होने हैं, वो देश भर में एक साथ करा लीजिए। एक बार में सारे झंझट खत्म। उन्होंने कहा कि इसके लिए पीएम मोदी ने एक कमेटी बनाई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजाद भारत में नेताओं की कथनी और करनी में अंतर की वजह से लोगों में विश्वास कम होता गया। सत्ता जाए तो जाए, लेकिन हम राजनीति में विश्वास कम नहीं होने देंगे। अनुच्छेद-370 हटाने की बात हमने अपने घोषणा पत्र में कही थी। हमने चुटकी बजाकर अनुच्छेद-370 को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न होता है।

### कहा- 'दंगा कराते थे सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग; अन्नदाता सरकार के एजेंडे में है'

**नगीना।** भाजपा व बसपा के दो बड़े स्टार प्रचारक आज नगीना में अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचे। सीएम योगी सहारनपुर में पीएम की रैली में शामिल होने के बाद धामपुर स्थित रामलीला बाग मैदान में जनसभा स्थल पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही वहां मौजूद नेताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि यूपी में अब कोई दंगा नहीं, सुरक्षा का कोई खतरा नहीं, बेटी- व्यापारी हर नागरिक को सुरक्षा मुहैया कराई है। सीएम बोले कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हित के लिए किए गए कार्यों का पूरी दुनिया में डंका बजा है। अन्नदाता सरकार के एजेंडे का हिस्सा: सीएम अन्नदाता सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर अन्नदाता का सम्मान करने का काम किया है। 2014 के पहले भारत के बारे में दुनिया के लोग हंसते थे।

### मुकदमें की पैरवी करने आई महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** ग्रामीण न्यायालय में मुकदमें की पैरवी को आई महिला के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी महिला मोदीनगर स्थित ग्रामीण न्यायालय में अपने एक मुकदमें की पैरवी के लिए आई थी। आरोप है कि जब वह अदालत से वापस जा रही थी तभी जिनसे मुकदमा चल रहा है, उसने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती उठाने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपी ने अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ भी की। विरोध करने पर बेहरमी से मारपीट कर घायल कर दिया।

### हवन यज्ञ का आयोजन किया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बालाजी मंदिर की मूर्ति प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर हवन यज्ञ का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। उसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। तेल मिल स्थित महावीर पार्क स्थित बालाजी मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर श्रद्धालुओं की ओर से भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस मौके पर हवन यज्ञ में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने आहुति दी उसके बाद भंडारे में जुटे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली, पूर्व पालिका चेयरमैन अशोक माहेश्वरी, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज शर्मा, नरेश मित्तल, बलदेव सिंह, दया किशन शर्मा, अनिल सैन, नवीन गर्ग, पवन तिवारी, सभासदपति सूबे सिंह, पिंटू, अनुराग गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, राजू सैन आदि का सहयोग रहा।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का धुंआधार दौरा किया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कीं और समाज के गणमान्य लोगों से मिलीं। इस दौरान उनके गठबंधन सहयोगी नेतागण भी उनके साथ रहे। जिनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, सपा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सपा नेता राहुल पंडित आदि प्रमुख हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, समर्थकों ने उन्हें स्थानीय मुहल्ले और गांवों में जगह-जगह घुमाया, मंदिर में दर्शन कराया और स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने आमलोगों को आश्वस्त किया कि आपकी सभी समस्याओं के समुचित हल निकलवाने में सहयोग करुंगी। इसके लिए मैं सड़क से संसद तक संघर्ष करूंगी, लेकिन आपलोगों को नाउम्मीद नहीं होने दूंगी।









# कांग्रेस नेता सुरजेवाला के प्रकरण में 15 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

**वाराणसी।** 24 वर्ष पुराने संवासिनी प्रकरण में कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपी कांग्रेस प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के मामले में विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए अवनीश गौतम की अदालत में शनिवार को सुनवाई टल गई। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका सूचीबद्ध न होने से अब 15 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।



सुरजेवाला के अधिवक्ता संजीव वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला देकर बताया कि सुरजेवाला की गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश प्रभावी है। इस मामले में सुरजेवाला के खिलाफ स्थानीय अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित है। सुरजेवाला की तरफ से आरोप से डिस्चार्ज किए जाने का अनुरोध स्थानीय अदालत में किया गया है, जिसके लिए केस डायरी और अन्य अभियोजन प्रपत्र की मांग की गई थी।

अदालत में सुरजेवाला के हाजिर नहीं होने पर अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप नहीं बन पा रहा, ऐसे में अदालत ने सुरजेवाला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। जिसके खिलाफ सुरजेवाला की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। जिस पर सुनवाई करते हुए सुरजेवाला के विरुद्ध अग्रिम सुनवाई पर रोक लगा दी गई है।

# बदायूं में सपा विधायक की पत्नी और बहन भाजपा में शामिल, इन नेताओं ने भी ली सदस्यता

**बदायूं।** बदायूं में लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) को झटका लगा है। बिसौली से सपा विधायक आशुतोष मौर्य की पत्नी सुषमा मौर्य और बहन मधु चंद्रा भाजपा में शामिल हो गई हैं। दोनों ने शनिवार सुबह 10 बजे लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ली। इनके साथ जिले के कुछ सपा नेताओं ने भी भाजपा का दामन थामा है। सपा विधायक आशुतोष मौर्य ने फरवरी 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी से बगावत कर भाजपा के पक्ष में वोटिंग की थी। उनकी पत्नी सुषमा मौर्य बिल्सी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं। वहीं बहन मधु चंद्रा जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। दोनों ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। सपा विधायक को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बदायूं जिले के कुछ और महत्वपूर्ण



लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सपा के पूर्व विधायक योगेंद्र गर्ग उर्फ कुन्नू बाबू के पुत्र आशीष गर्ग, सपा की बिसौली विधानसभा क्षेत्र ईकाई के अध्यक्ष मनोहर सिंह यादव, सपा के जिला सचिव बेचे सिंह ठाकुर, इस्लामनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख आर्येंद्र कुमार हैं। ये लोग भी भाजपाई हो गए हैं। सियासी सवाल... आशुतोष मौर्य किसका करेंगे चुनाव प्रचार जब से लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू हुआ है, तभी राजनीतिक हलकों में यही सवाल उठ रहे हैं कि बिसौली से सपा विधायक आशुतोष मौर्य अबकी बार किसका चुनाव प्रचार करेंगे। अभी तक न तो वह भाजपा के साथ दिखे हैं और न ही सपा के मंच पर नजर आए हैं। इस सवाल पर जब अमर उजाला ने आशुतोष मौर्य से फोन पर बात की तो उन्होंने बस यही कहा कि अभी वह बाहर हैं। लौटने के बाद बात करेंगे।

# राहुल-अखिलेश की होगी संयुक्त रैली, प्रियंका गांधी करेंगी रोड शो

**लखनऊ।** प्रदेश में एक तरफ जहां एनडीए की ताबड़तोड़ सभाएं व रैली शुरू हो गई हैं वहीं इंडिया गठबंधन भी इसकी तैयारियों में तेजी से लगा हुआ है। इसके तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की पहली रैली कराने की तैयारी है। अगले सप्ताह इसकी शुरूआत अमरोहा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त सभा से की जाएगी।

इसके लिए 12 से 16 अप्रैल के बीच की तिथि प्रस्तावित की गयी है। प्रदेश में पहले व दूसरे चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 16 सीटों पर मतदान होना है। इसमें कांग्रेस सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सीटों पर प्रचार-प्रसार काफी जोरों पर है। इसे देखते हुए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रमुख नेताओं व इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली का प्रस्ताव राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा गया है।

इसके तहत अमरोहा में राहुल गांधी व अखिलेश यादव की संयुक्त रैली कराने के साथ-साथ पहले दो चरण के लिए कई अन्य प्रमुख नेताओं की सभा का भी कार्यक्रम प्रस्तावित



किया गया है। कांग्रेस वार रूम के संजय दीक्षित ने बताया कि इसी के साथ सहारनपुर में प्रियंका गांधी के रोड शो व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट की सभाओं का कार्यक्रम मांगा गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभा के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व कुछ अन्य नेताओं के लिए भी कार्यक्रम भेजा गया है। एक-दो दिन में इनकी सभाओं के कार्यक्रम फाइनल होने शुरू हो जाएंगे।

# 'मोदी झूठे, उन्होंने हमारा गारंटी शब्द भी चुराया', खरगे और सोनिया के भाषण की बड़ी बातें

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जयपुर में कांग्रेस की जनसभा हुई। सभा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र का विमोचन भी किया। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित कर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार बताया, साथ ही उन पर गांरटी शब्द को चोरी करने का आरोप भी लगाया। वहीं, सोनियां गांधी ने कहा- मोदी देश का चीर हरण कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संविधान बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है, यह तो तानाशाही है। पढ़ें, विपक्ष के नेताओं ने क्या क्या कहा? कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गांरटी हमारा शब्द है मोदी ने इसे चुरा लिया। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। खरगे ने कहा- कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ नहीं बोलते, जैसे मोदी बोलते हैं। मोदी जहां जाते हैं कुछ न कुछ झूठ बोलकर आते हैं। मोदी ने हमारे गारंटी शब्द को भी चुरा लिया। गारंटी शब्द कांग्रेस ने ही दिया था।

**मोदी कहते हैं हरीशचंद्र के बाद मैं ही पैदा हुआ**

मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा- मोदी ने कितनी गारंटी हमसे पहले दी है। कौन सी गारंटी उनकी लोगों तक पहुंची है। पहली तो युवाओं को हर साल 2-2 करोड़ नौकरी की गारंटी दी तो 10 साल में 20 करोड़ नौकरी



मिलनी थी। मोदी पीएम है वह कैसे झूठ बोल सकते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग दूसरे देशों में काला धन रखते हैं। वह काला धन लाकर में हर एक को 15-15 लाख रुपये दूंगा। क्या वह 15 लाख आपको मिले? मोदी हमेशा यही कहते हैं कि हरीशचंद्र के बाद मैं ही पैदा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी कर दूंगा क्या दोगुनी हो गई है।सोनिया गांधी- हम लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- हमारे महान पूर्वजों ने कठिन संघर्ष के बल पर देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा। इतने बरसों में वह महान ज्योति कुछ मध्यम पड़ गई है। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है, जिसने बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मोदी सरकार ने जो-जो किया है वह हमारे और आपके सामने है।क्या कोई देश से बड़ा हो सकता?

सोनिया गांधी ने कहा- यह समय हताशा से भरा हुआ है। लेकिन, हताशा के साथ उम्मीद का जन्म होता है। यह देश चंद लोगों की जागीर नहीं है, यह सबका है। देश से उपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विचारमान है। मोदी देश का चीर हरण कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। हमारे संविधान को बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है। यह तो तानाशाही है। हम सब इसका जवाब देंगे। आज रोज की कमाई से खाने-पीने का सामान तक जुटा पाना मुश्किल है। रसोई की महंगाई बार-बार अग्नी परीक्षा ले रही है। किसानों के बच्चे बरोजगारा है। आज देश जनता की जागरुकता का रास्ता देख रहा है।

**गहलोत- एक नई शुरूआत हुई**

अशोक गहलोत ने कहा कि सोनिया गांधी राजस्थान से राज्य सभा सांसद बनने के बाद पहली बार यहां सभा में आई हैं। 25 साल पहले सोनिया जी ने मुझे सीएम बनने का मौका दिया। उस वक्त मैंने यह परंपरा डाली थी कि पहली कैबिनेट के अंदर मैंने मैनिफेस्टो को रखा। एक नई शुरूआत हुई थी। यही परंपरा दूसरी और तीसरी बार भी रखी। तीसरी बार हमने 90 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं।

# महर्षि कश्यप जयंती के कई कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप





**सहारनपुर, करंट क्राइम।** पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने सहारनपुर के रामपुर मनिहारन के आसपास के गांव गांव जाकर महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली गईं शोभायात्राओं में शामिल हुए। सुरेश कुमार कश्यप ने फीता काटकर कई शोभायात्राओं का उद्घाटन भी किया।

सुरेश कुमार कश्यप गांव-गांव, शहर- शहर जाकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री कश्यप ने सहारनपुर के रामपुर मनिहारान, जनपद शामली के कस्बा जलालाबाद, थानाभवन दीनदयाल मंदिर, गांव बनती खेड़ा, सेवापुर, जनपद मुजफ्फरनगर के गांव अमीर नगर चरथावल, शामली मुंडे कला स्थित अपने आवास पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। जनपद बुलंदशहर के गांव बदरखा शिकारपुर में वर्चुअल के माध्यम से भगवान महर्षि कश्यपजी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है अब भगवान महर्षि कश्यप की जयंती शहर- शहर, गांव- गांव में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने समाज के सभी साथियों से निवेदन किया कि भगवान महर्षि कश्यप के दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज का, राष्ट्र का नाम रोशन करें। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सुरेश कुमार कश्यप ने अपने आवास पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कश्यप महासभा की टीम के प्रमुख सदस्य अंकित कश्यप, श्रीमती रेखा चौहान कश्यप सेंसरपाल फौजी, राजीव कुमार फौजी, श्रीमती पिंकी कश्यप, श्रीमती सारिका कश्यप, जागवती कश्यप, नीरज, नफे सिंह कश्यप, मिलन कश्यप समेत अनेक लोग कार्यकमों में शामिल रहे।

# पीएम मोदी के रोड शो में सभी अधिकारी रहे अलर्टः अजय गुप्ता




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान पुलिस प्रशासन की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब भी कोई वीआईपी कार्यक्रम गाजियाबाद में लगता है, सभी अधिकारी अलर्ट हो जाते हैं।

ऐसा ही नजारा शनिवार को देखने को उस समय मिला जब देश के प्रधानमंत्री पीएम मोदी का रोड शो अंबेडकर रोड पर निकल रहा था। पहली बार पीएम मोदी ने गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए रोड शो किया। रोड शो में भाजपा संगठन के अलावा गाजियाबाद पुलिस प्रशासन ने भी बड़े चौकस होकर अपनी भूमिका निभाई, जो एक प्रशंसनीय कार्य रहा। कोई भी असामाजिक तत्व रोड शो में विघ्न न डाले, इसलिए अलर्ट रहे सभी अधिकारी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस अपनी निगाहें रखे हुई थी। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री पीएम मोदी के रोड शो को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद पुलिस प्रशासन का कार्य सराहनीय रहा।

# उद्यमी एवं व्यापारी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसीपी से मिले



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर के उद्यमियों एवं व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को एसीपी के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से आ रही विभिन्न समस्याओं को रखा और बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से व्यापारियों को पैसों को बैंक में जमा कराने अथवा लेने देन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस व अन्य एजेंसियों की बेवजह जांच के भय के चलते व्यापारी घर बैठे हैं। बताया गया कि कोविड काल को छोड़ दिया जाए तो 1928 से ग्राम सीकरीखुर्द में ऐतिहासिक प्राचीन सीकरी मेला लगता आ रहा है, किन्तु इस बार आचार संहिता का हवाला देकर मेले पर पाबंदी लगा दी है। एसीपी ने दोनों समस्याओं पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और बताया कि इस संबंध में शासनादेश है। इसमें पुलिस प्रशासन की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बाबत सरकारी कमेटी बनाई गई है। कमेटी जो तय करेगी उसका पालन होगा। मंदिर परिसर में केवल प्रसाद की सीमित दुकानें ही लगेंगी, श्रद्धालु दर्शन करेंगे। इसके चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं लेकिन इस बार मेला नहीं लगेगा।

# डंपिग ग्राउंड संघर्ष समिति के नेताओं को किया नजरबंद



**मुरादनगर, करंट क्राइम ।** जनपद गाजियाबाद में पीएम नरेन्द्र मोदी के रोड शो से पहले डंपिग ग्राउंड हटाओ आंदोलन से जुड़े कई लोगों को उनके ही आवास पर नजरबंद कर दिया गया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को अंदेशा था कि कूड़े.के पहाड़ को हटाने के लिए ग्रामीण रोड शो में जाकर हंगामा कर सकते हैं। गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन मार्ग पर डालने के विरोध में ग्रामीण काफी समय से आंदोलन चला रहे हैं। 31 मार्च को विधायक अजीतपाल त्यागी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। खुफिया विभाग ने प्रशासन को रिपोर्ट दी थी कि डंपिग ग्राउंड संघर्ष समिति से जुड़े लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में जाकर अपनी मांग रखकर हंगामा कर सकते हैं। इसलिए पुलिस ने आंदोलन के प्रमुख नेता सलेक भइया को शनिवार सुबह से ही उनके घर पर नजरबंद कर पुलिस फोर्स तैनात कर दी।

# डग्गामार बस से टकरा कर छात्रा घायल




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी इंजीनियरिंग कॉलेज गेट के सामने बस से उतर रही छात्रा पीछे से आ रही डग्गामार बस की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गयी। घायल छात्रा की चीख पुकार सुनकर जुटी भीड़ ने बस चालक को किसी तरह दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घायल छात्रा को पुलिस ने उपचार के लिये एक निजी स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। मुरादनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी बीएससी की छात्रा पारुल यहां डॉ. केएन मोदी इंजीनियरिंग कॉलेज में बीएससी की छात्रा है। प्रतिदिन की भांति जब वह बस से कॉलेज आ रही थी, जब वह कॉलेज गेट के सामने बस से उतर रही थी, तभी उसके पीछे गजियाबाद की ओर से आ रही अनियंत्रित डग्गामार बस ने टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया। घायल छात्रा की चीख पुकार सुन कॉलेज गेट के पास खडे.छात्र-छात्राओं ने पीछा कर बस चालक को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। घायल छात्रा के परिजनों की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी बस चालक को हिरासत में ले लिया है। घायल छात्रा को चिकित्सकों ने मेरठ के लिये रैफर कर दिया है।




## रोड शो में सब रहे रोड पर अलर्ट



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा कार्यक्रम था लेकिन पहला शो ऐसा रहा जिसमें कमिश्नरेट के सभी बड़े अधिकारी रोड पर नजर आए। प्रधानमंत्री के दस्ते में जिले की महिला एसीपी अधिकारी कमांड कर रही थी, तो सबसे पीछे पैदल चलने वालों में वह 3 थ्री-स्टार थे जो योगी के इलाके के बताए जाते हैं और उनका यातायात में जलवा रहता है। इसके साथ ही कमिश्नरेट के वह सभी बड़े अधिकारी भी कदमताल करते देखे गए जिनकी अमूमन फोटो उपलब्ध नहीं होती है। ट्रैफिक पुलिस वाले साहब हो या आग को कंट्रोल करने वाला विभाग के साहब व उनके एफएसओ हर कोई एक्टिव मोड में था। जिस इलाके में पूरा रोड शो था वहां के एसीपी साहब ने हर एग्जिट और बैरिकेडिंग पॉइंट को तीन-तीन बार जांचा जो बता रहा था कि कार्यक्रम की गंभीरता को वह किस कदर ले रहे थे। भले पुलिस की ड्यूटी दोपहर से लगाई गई हो लेकिन पुलिस कर्मी ड्यूटी शिद्दत से निभाते दिखे। रूफटॉप ड्यूटी को लेकर भी क्रॉस चेक वाला काम किया गया, जहां स्पीकर बंद थे, वह बदले भी गए। इसके साथ ही लाइन पार के उसे थाने की लंबी फौज प्रधानमंत्री के गाड़ी के आगे रास्ता लेकर चल रही थी, जो बड़ी आबादी को कंट्रोल करती है। इसी के साथ वर्तमान में नशे वाले सौदागरों पर नकेल कसने वाले अधिकारी भी एक्टिव मोड पर थे। वहीं देहात वाले साहब की भी वीआईपी सीरीज नंबर वाली गाड़ी जमकर दौड़ रही थी। इसी के साथ देखा गया कि ट्रैफिक वाले साहब पैदल चल रहे थे और हर ओर नजरें खरे हुए थे। तो वहीं कमिश्नरेट वाले साहब का पूरा कार्यालय भी सड़क पर इस दौरान रोड पर नजर आए। वहीं सोशल मीडिया वालों से लेकर पब्लिक रिलेशन का काम संभालने वाले साहब के कार्यालय वाले कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए थे। जो कभी सिटी के एसीपी थे, वह भी प्रधानमंत्री वाली फ्लीट में कार में सवार थे। खुफिया वाले साहब भी अपनी ड्रेस कोड पर टीम के साथ कड़ी धूप में रोड पर नजर आए। कुल मिलाकर छोटी-मोटी भूल चूक के अलावा सब कुछ ऑल वेल वाला संदेश देकर गया है। अब देखना होगा कमिश्नरेट वाले साहब को लैटर वाला गिफ्ट मिलेगा या नहीं। पर सख्ती कम होती तो भीड़ और बढ़ सकती थी।

## न्यूज डायरी

### शिक्षक के साथ की मारपीट, अभिभावक गिरफ्तार

**मुरादनगर, करंट क्राइम ।** नगर क्षेत्र के गांव खुरर्मपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में फीस को लेकर हुए विवाद में छात्र के पिता ने शिक्षक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। गांव खरुर्मपुर में बीकेडी इंटर कॉलेज में गांव निवासी प्रमोद चौधरी का पुत्र कक्षा आठ का छात्र है। शनिवार को प्रमोद चौधरी कॉलेज में फीस जमा करने के लिए गए थे। किसी बात को लेकर उनका कॉलेज के अजय त्यागी से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। प्रमोद चौधरी का आरोप है कि अधिक फीस लेने का विरोध किया गया था जिसको लेकर विवाद हुआ था। अजय त्यागी ने अपने साथी शिक्षकों के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की थी। उनका आरोप है कि मेरी साथ ही मारपीट हुई थी और मुझे ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### चोरों ने किया लाखों की ज्वैलरी व नकदी पर हाथ साफ


**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने लाखों की ज्वैलरी व नकदी साफ कर दी। घटना का पता मकान मालिक के घर पहुंचने पर चला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की और मामला दर्ज किया। भोजपुर थानान्तर्गत गांव मुकीमपुर निवासी प्रदीप कुमार पेशे से सब्जी विक्रेता हैं। उनकी पत्नि निकिता नोएडा में एक कंपनी में नौकरी करती है। बतौर प्रदीप निकिता होली पर इन दिनों मायके में रहकर ही डयूटी कर रही है। गुरूवार को जब वह बाजार में सामान लेने के लिये घर का ताला लगाकर निकले, तो इस बीच चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी लाखों की ज्वैलरी व नकदी चुरा ली। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना को दर्ज कर लिया गया है, और पुलिस प्रथम दृष्टया चोरी की इस घटना में रैकी कर अंजाम देने की बात मान रही है। पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुट गयी है।

# सिक्ख समाज द्वारा दिए गये सरोपे को प्रधानमंत्री ने सिर माथे लगाया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को देखकर लग रहा था जैसे सम्पूर्ण भारत के सांस्कृतिक दर्शन करने का अवसर मिल रहा हो। समाज के सभी वर्गों द्वारा मोदीजी का स्वागत व सम्मान किया गया। सिक्ख समाज द्वारा भी चौधरी मोड़ परप्रधानमंत्री मोदी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह व समाजसेवी गगन सिंह अरोड़ा व अंगद सिंह द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए सरोपे को उन्होंने एसपीजी द्वारा मंगाया और उसको लेकर सम्मान के साथ सिर माथे पर लगाया। यह प्रधानमंत्री मोदी का सिक्ख धर्म के प्रति आस्था व सम्मान दर्शाता है। इस अवसर पर जगमोहन सिंह सलूजा, इन्द्रजीत सिंह टीटू, हरप्रीत सिंह जग्गी, मनजीत सिंह सेठी, जसबीर सिंह सलूजा, हरमिंदर सिंह, राजेन्द्र सिंह जग्गी, दर्शन सिंह, सुरजीत सिंह, डॉ० नमित वार्ष्णेय, हरविंदर सिंह सलूजा, हरदीप कोहली, दलजीत सिंह टिम्मी, नवजोत सिंह, जसपाल सिंह सलूजा, भरत कुमार, ज्ञानी महेंद्र सिंह, हरमीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी की भोजपुर रैली को लेकर कई गावों में किया जनसम्पर्क

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा की मोदीनगर विधानसभा के भोजपुर में आगामी 10 तारीख को होने वालीरालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की रैली को लेकर मोदीनगर विधानसभा के गांव भोजपुर, किल्होडा, भदोला, तिबडा, अमराला, आदि गांवों में रालोद का प्रचार प्रसार कर जनसम्पर्क किया गया। इस अवसर पर रालोद नेता एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा 10 तारीख को होने वाली भोजपुर की इस रैली में रालोद के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता निष्ठा से काम करेंगे और इस रैली को सफल बनाएंगे। साथ ही पार्टी के उम्मीदवार डॉक्टर राजकुमार सांगवान को चुनाव जिताकर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे। इस अवसर पर चौधरी तेजपाल सिंह, अमित त्यागी जिला अध्यक्ष, ओडी त्यागी, कपिल चौधरी, रामपाल नेताजी, अजीत व बिट्टू खंजरपुर, सत्येंद् तोमर, कृष्णपाल दुहाई, मनीष किल्होडा, सुरेंद्र तेवतिया, आदि मौजूद रहे।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब सूचना वाले एक अधिकारी को एक बड़े पुलिस अधिकारी ने दिया बहुत ही बेकार तरीके से जवाब? तब ये सीन देखकर भगवागढ़ के प्रदीप चौहान के दिल में लग गई आग? पुलिस अधिकारी पर पूरे आक्रोश से कर दी मिस्टर चौहान ने शब्दों की बौछार? कहा क्लास वन के अधिकारी से इस तरह आपका बात करना है हमारी समझ से बाहर? आपको इस तरीके से नहीं करना चाहिए था शब्दों का इस्तेमाल? सुना है मौके की नजाकत बहुत ही जटिल थी जैसे तैसे बात को गया संभाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें समझ ही नहीं आ रही है ये बात? भगवा सरदार जी और भगवा चौधरी जी को क्यों बनाया गया है मीडिया देखने के लिए चुनाव प्रबंधन समिति का सरताज? मुलाकात से लेकर पास की व्यवस्था को लेकर दिख रहा है दोनों चेहरों का सिस्टम फेल? बस मैसेज करके खेल देते हैं ये खेद वाला खेल? कहने वाले ने कहा अभी तक के चुनाव में इनकी भूमिका को लेकर हम है बहुत ज्यादा हैरान? आखिर इनको कम अधिकार मिले हैं या फिर सोचा समझा है खेद प्रकट करने के पीछे का सारा प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर जी के हमने देखे फेसबुक पर क्रान्तिकारी अंदाज? उन्होंने पीएम के रोड शो की फोटो डाली और लिखा मोदी, योगी और जनरली साहब जिन्दाबाद? मगर इस उद्बोधन में उन्होंने नहीं लिखा गर्ग साहब का नाम? हमने देखा उन्होंने फोटो भी फेसबुक पर वो वाली अपलोड की? जिसमें गर्ग साहब के दर्शन नहीं हो रहे थे श्रीमान? ये पूरी घटना सोची समझी थी या फिर मामला था बाई चांस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रोड शो को लेकर पास वाला मामला बहुत ही रहा खास? सुना है जो खास थे उन्हीं तक नहीं पहुंचा कार्यक्रम का पास? हमने देखा कमांडर के प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी जी अपने व्हाट्सऐप ग्रुप पर दिखा रहे थे पास ना मिलने से गुस्से वाली आग? कह रहे थे वर्तमान वालों को इग्नोर करके पूर्व वालों को बांट दिये गये पास? जो भी हुआ सो ठीक है हमारे लिये तो है भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे थे रोड शो में लगातार हो रहा था भगवा बहनों का संघर्ष जारी? बाक्स में आने की कोशिश उदिता और रनिता दीदी ने भरपूर की? मगर नहीं आने दी पुलिस ने उनकी बारी? पुलिस वालों से वो कराती रहीं अपने संगठन वाले पद का एहसास? मगर काफी कोशिशें करने के बाद भी नहीं बन पाई दोनों की बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी आता है कोई बड़ा प्रोग्राम? तब यहां पर व्यवस्था का सौंपते हैं सौंपने वाले इन पांच अपने बेहद प्रिय बाह्मण चेहरों को काम? आपने देखा होगा जिम्मेदारी मिलते ही खिलखिला जाता है श्याम शर्मा, राहुल शर्मा, आशुतोष शर्मा, करन शर्मा और सौरव चतुर्वेदी का चेहरा? ये बात मैं अपने आपसे नहीं कह रहा इस बात को कोई दिलजला था रोड शो के दौरान कह रहा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं मंडी के सामने वाला सीन? यहां पर आ गई उस वक्त एक महानमंत्री के चेहरे पर मुस्कान? जब उन्होंने देखा एक दूसरे महानमंत्री का मंच से नीचे उतरने वाला सीन? ऐसा लग रहा था जैसे इस सीन को देखकर ताकतवर महानमंत्री के दिल में खिल गया हो फूलों का बाग? ना जाने ये कब दूसरे महानमंत्री को अपने गले से लगायेंगे? कब बुझायेंगे उनके सीने में सुलगती हुई आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रोड शो की सफलता के बाद भगवा कमांडर का चेहरा मार रहा था बहुत ज्यादा शाईन? हम देख रहे थे कि उन्होंने शहर विधानसभा के स्वागत प्वाइंटों पर अपने खास चेहरों को सौंपी जिम्मेदारी? दिये यहां पर व्यापार मंडल के चेहरों को भी बेहतरीन प्वाइंट? कहने वाले ने कहा भगवा कमांडर का वैसे भी शहर विधानसभा की दावेदारी में नाम चल रहा है बहुत ज्यादा खास? देखना उनकी इसी तरीके से की गई तैयारियां एक दिन पहुंचा देगी उनको टिकट के पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक महानमंत्री और एक एडवोकेट कमिश्नर के बीच हुए विवाद को आपने अपने सवाल में किया था आम? कहा था कि घटनाक्रम क्या था इसके बारे में हम आपको बाद में बतायेंगे श्रीमान? तो खोल दो आप अपने सवाल में घटना का स्थल? घटना घटी उस मालीवाड़ा पर जहां पर रहती है बहुत ज्यादा हलचल? सुना है एडवोकेट साहब पूरी सुशीलता से आ गये थे महानमंत्री की फोटोग्राफी के बीच? यहां पर फिर किसी ने बीप....बीप वाले शब्द कहे? इसके बाद गई दोनों ओर से तलवारें खिंच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैंडपम्प वाले और कमल वाले भगवा सरदारों ने सरोपे को लेकर तलाश लिया अपनी ओर से मौका? दोनों ने अलग-अलग तरीके से पीएम के सरोपा लेने वाले सम्मान के फोटो जारी किये? ऐसा लग रहा था दोनों ही ना छोड़ना चाह रहें हों कोई मौका? जो भी हो दोनों का दिल है इस वक्त इस घटना के बाद बहुत ज्यादा बाग-बाग? मगर सवाल ये ही हमेशा उठते हैं अब तो बंध गई है गठबंधन की गांठ? कब नजर आयेंगे दोनों साथ-साथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद आए और रोड शो किया। इससे बड़ी खुशी क्या हो सकती है कि जब प्रधानमंत्री ने अपने ट्विटर पर वो फोटो शेयर किया जिसमें बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल अग्रवाल सांवरिया और अन्य व्यापारी मौजूद हैं। इस पल को इस फोटो को इस खुशी को अनिल अग्रवाल सांवरिया ने फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की झलकियां






































# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में इस तरह रही शहर के भाजपाइयों की भागीदारी










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रोड शो के दौरान महंत नारायण गिरि के साथ निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, पार्षद धीरज अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व महानगर अध्यक्ष व लोकसभा चुनाव संयोजक अजय शर्मा भी रोड शो में पूरी तरह माइक लेकर व्यवस्था को संभाले रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री के रोड शो में पहुंचे अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस पी सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी एवं अनेक सिख समाज के प्रतिनिधि ।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राजू पांचाल ने रोड शो में अपने साथियों के साथ पूरे उत्साह से भाग लिया।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल का जौश सबसे अलग दिखाई दिया।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रोड शो के दौरान पूर्व पार्षद हिमांशु लव के चेहरे पर भाजपा की जीत की इबारत साफ पढ़ी जा रही थी।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता राजू पांचाल एवं पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान रोड शो के दौरान पूरे जोश में नजर आये।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता के डी त्यागी ने रोड शो में अपनी भागीदारी पूरे उत्साह के साथ दर्ज कराई।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महामंत्री गोपाल अग्रवाल, भाजपा नेता संजीव झा और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी भी रोड शो में पूरी उर्जा के साथ शामिल रहे। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी और राहुल चौधरी डैनी भी उत्साहित नजर आए।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी का रोड शो के दौरान महिला कार्यकर्ताओं के साथ ये सेल्फी अंदाज भी बहुत खूब रहा।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी भी प्रधानमंत्री के रोड शो में शामिल हुए।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री के रोड शो में समर कूल मैन संजीव गुप्ता का ये खिलखिलाता अंदाज सभी को हंसा रहा है, तभी तो पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का चेहरा भी मुस्कुरा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भी अशोक गोयल भी मौजूद थे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सांसद जनरल वीके सिंह का रोड शो में पहुंचने पर अभिवादन करते हुए।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रोड शो के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता फूलों के हार व हाथों में बैनर लेकर हुए शामिल।

## पूरे रोड शो में काफिले के साथ रहे लोहा विक्रेता मंडल के पदाधिकारी



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ रोड शो किया। रोड शो केअवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन, भाजपा नेता बाल किशन गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ पूरे समय रोड शो के काफिले के साथ रहे।

## रोड शो ने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया : डीडी यादव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व ज़िला अध्यक्ष डीडी यादव शनिवार को प्रधानमंत्री के रोड शो में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गाज़ियाबाद में मोदीजी का ऐतिहासिक रोड शो जहां कार्यकर्ताओं में नया जोश भर गया है वहीं रोड शो में उमड़े जनसमूह ने ये साबित कर दिया है कि इस बार, अबकी बार जनता 400 पार का मन बना चुकी है।



